हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025



## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

# चाकू लेकर घूम रहे दो पकड़ाए

- गंज मंडी में झांकी के पास लोगों को डराते-धमकाते पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवरात्र पर्व के दौरान गंज मंडी में बने झांकी के पास चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विशेष अभियान के तहत 23 सितंबर को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि गंज मंडी परिसर में नवरात्रि झांकी पर्व के दौरान 2 व्यक्ति अपने पास धारदार चाकू रखकर आने-जाने वाले आम जनता को डरा-धमका रहे हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी मयंक सोनी 18 साल निवासी लखोली नाका एवं आदित्य ढीमर 19 साल निवासी लखोली नाका के कब्जे से पृथक-पृथक धारदार चाकू जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया।

इसी तरह मोहल्ले में शांति भंग करने वाले अनावेदक अजय कुमार साहू 22 साल निवासी बुद्धुभरदा के विरूद्ध धारा 170 भानासुसं के तहत इस्तगाशा तैयार कर एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।


















## सार समाचार

### वनांचल में नवरात्र की धूम

**मानपुर**। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। प्रतिमा



स्थापना के बाद विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण देखने को मिल रहा है। दुर्गा पंडाल को विद्युत और फूलों से सजाया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि नवरात्र के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें भजन-कीर्तन, जसगीत, आरती प्रतियोगिता, रामायण पाठ एवं बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। बच्चे और युवाओं ने गरबा और डांडिया नृत्य का आयोजन 27 एवं 28 सितंबर को रखा गया हे। दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता भी रखा गया है।

**भंडारा का आयोजन एक को** - ग्रामवासियों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह-शाम आरती होगी। श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन एक अक्टूबर को रखा गया है।विजयादशमी के दिन रावण पुतले का दहन इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में किया जाएगा। लोक दर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम दो अक्टूबर को रात्रि 10 बजे से रखा गया है। इसी दिन दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। यह जानकारी उमाकांत टंडिया, सुरेश कोराम, यशवंत पटेल, वीरेन्द्र माहौर ने दी।

### दुर्गा प्रतिमा स्थापित



**मुरमुंदा**। ग्राम की सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ने बाजार चौक में दुर्गा प्रतिमा स्थापित किया गया है। यहां बीते 30 सालों से मूर्ति स्थापना किया जा रहा है। ग्राम में 30 ज्योति कलश भी स्थापित किया गया है। ग्राम में आगामी 30 सितंबर को वीणा वंदनी जस झाकी परिवार मुंदगाव का कार्यक्रम रखा गया है।

### मंदिरों ने जगमगा रहे ज्योतिकलश

**पटेवा**। पटेवा सहित अंचल में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम मची है। अनेक स्थानों पर माता रानी की मूर्ति स्थापित किया गया है साथ ही



देवालयों में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। पंडालों एवं देवालयों को विद्युत लाइटों से सजाया गया है। माता रानी की भक्तिमय गीतों से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। शाम ढलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ माता के दर्शन हेतु उमड़ रही है। पटेवा के बाजार चौक एवं मासूल रोड भाठापारा में मां दुर्गा, कर्मा मंदिर एवं धनकर चौक में मां सरस्वती, अमलीपारा में मां अम्बे, लीला चौरा चौक में मां काली, शीतला मंदिर में मां अम्बे की मूर्ति स्थापित किया गया है। जानकारी के अनुसार शीतला मंदिर में 137, दुर्गा मंदिर में 22, शंकर मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना की गई है। बहादुर वर्मा, पुखराज साहू, राकेश कुमार साहू के घर पर जोत जंवारा रखा गया है। जानकारी के अनुसार बाज़ार चौक में 27 सितंबर को रंग बसंत रिकार्डिंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, मासूम रोड भाटापारा में 25 सितंबर को मन के गीत नंदनी नगर का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। शीतला दुर्गा उत्सव समिति द्वारा चुन्नी यात्रा का आयोजन पंचमी को किया गया है।

### डीईओ को अवगत कराया समस्याओं से

**डोंगरगढ़**। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा के



नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल से मुलाकात कर स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष वर्मा ने बताया कि विगत वर्ष सहायक शिक्षक एलबी से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक की पदोन्नति के बाद भी जिले में सैकड़ों पद रिक्त हैं। वरिष्ठता सूची का प्रकाशन भी किया जा चुका है किन्तु पदाकंन नहीं हुआ है। उन्होंने युक्तिकरण प्रक्रिया के तहत हायर सेकेंडरी स्कूलों व हाई स्कूलों में मर्ज पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के शिक्षकों की सेवा पुस्तिका सम्बंधित प्राचार्यो के अधिनस्थ करने, वेतन भुगतान का डीडीओ प्राचार्य को देने की मांग किया है।

### स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आज

**डोंगरगढ़**। मुसरा- मुरमुंदा मंडल भाजपा के तत्वावधान में कल 25 सितंबर को सेवा पखवाड़ा अंतर्गत श्री राम मंदिर प्रांगण मुसरा कला में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने सभी जरूरतमंदों को शिविर तक पहुंचाने की अपील की है। इस दौरान शिविर में लक्ष्मीनारायण वर्मा, टामेश्वर साहु, रामचरण वर्मा, रामावतार वर्मा आदि मौजूद रहेंगे।



### कार्यकर्ताओं से मुलाकात

**डोंगरगढ़**। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे ग्रामवासी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विकास संबंधित जानकारी ली।

### बनवारी लाल श्रीवास्तव का निधन



**डोंगरगढ़**। कायस्थ समाज के वरिष्ठ संरक्षक बनवारी लाल श्रीवास्तव का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के लेखापाल मोहन श्रीवास्तव के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा कल 25 सितंबर को प्रातः 10 बजे वार्ड 16 स्थित निवास से निकलेगी। छिरपानी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## वनांचल में केन्द्र सरकार के फैसले का अमल नहीं

# जीएसटी कम पर दुकानों में सामान अभी भी बिक रहे पुरानी कीमत पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खड़गांव

आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार ने जीएसटी को दो स्लेब में कर दिया है। सरकार की मंशा रही है कि टेक्स कम होने से सामानों के रेट कम हो। सरकार की घोषणा के बाद आमजनों में खुशी देखी जा रही है लेकिन हकीकत कुछ और ही है। बाजार में उपभोक्ता जब खरीदी करने जा रहे हैं तो पता चल रहा है कि सिर्फ कागजों पर ही जीएसटी कम हुआ है। उपभोक्ताओं को इसका लाभ नहीं मिल रहा है जिससे लोगों में मायूसी है।

उपभोक्ता लीला सूर्यवंशी ने बताया कि जब वह सामान खरीदने बाजार गए तो पता चला कि दुकानदार पुराने मूल्यों पर सामान बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों पर जीएसटी बढ़ाया गया है जिनके दाम बढ़ाकर बेचा जा रहा है किन्तु जिन सामानों में जीएसटी कम किया गया है उन्हे वर्तमान में पुराने मूल्य पर बेचा जा रहा है। उपभोक्ता मनीष विश्वकर्मा ने बताया कि वर्तमान में पुराने दामों पर सामान बेचा जा रहा है और तंबाकू, बिड़ी, सिगरेट, पान मसालों पर जीएसटी बढ़ने का हवाला देकर रेट बढ़ाकर बेचा जा रहा है जो गलत है।




### मादक पदार्थों का भंडारण

उपभोक्ता रावटे ने बताया कि मादक पदार्थों पर जीएसटी बढ़ाया गया है जिसके कारण कुछ लोगों ने मादक पदार्थों का भरपूर भंडारण किया है। वह वर्तमान कालाबाजारी करते हुए बढ़े दाम पर बेच रहे है। जीएसटी कम होने पर आमजनों में खुशी का माहौल है और सभी अपने अपने तरीके से खुशी का इजहार कर रहे हैं पर पुराने मूल्यों पर सामानों को बेचने से हो रहे छल कपट से दुःखी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश की अवेहलना की जा रही है।

### उपभोक्ताओं को संदेह

कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि जीएसटी कम होने पर नया रेट निर्धारित होने पर समय लगेगा या कागजों पर ही जीएसटी कम होगा। जीएसटी कम होते तक उन्हे पुराने मूल्यों पर सामान लेना पड़ेगा। अब देखना यह है कि पुराने मूल्यों पर सामान बेचने वालों पर प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

### सरकार के फैसले से किसानों को बड़ी राहत



जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गाँधी ने जीएसटी स्लेब में किए गए बदलाव का स्वागत करते हुए कहा है मोदी सरकार के इस फैसले से सभी क्षेत्र ओर वर्ग को लाभ होगा साथ ही कारोबार को नई उड़ान मिलेगी। श्री गाँधी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी में बदलाव के फैसले से देश के किसानो, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं सहित अन्य सभी को बड़ा आर्थिक लाभ होगा। सरकार ने टेक्स स्लेब को दो केटेगरी में समेट दिया है जिससे रोजमर्रा की चीजों के दाम कम होंगे साथ इससे किसानो की आय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने बताया जीएस टी कम होने से उर्वरक, ट्रेक्टर, हार्वेस्टर, सिंचाई पम्प, कीटनाशक, सिंचाई पाइप, कृषि औजार, सोलर पम्प, डेयरी उपकरण जिन पर अब तक 12 से 18 प्रतिशत जीएसटी देना पड़ रहा था। अब सरकार ने सभी उत्पादों को 5 फीसदी के दायरे मे रखा है जिससे किसानो को कम कीमत चुकाना पड़ेगा जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा ओर किसानी लाभकारी होगी।

### जुए के अड्डे पर छापा चार जुआरी गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया**। पुलिस ने मंगलवार रात ग्राम ठंढार में जुए के अड्डे पर छापा मारकर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 720 नकद, 52 ताश के पत्ते और एक अधजली मोमबत्ती जब्त की गई है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ठंडार पहुंची। उन्होंने देखा कि पंचायत भवन के पास कुछ लोग मोमबत्ती की रोशनी में ताश पर पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस को देखकर कुछ जुआरी भाग गए, लेकिन महेंद्रकुमार, पूरन जंघेल, मनीष यादव और प्रीतम धुर्वे को पकड़ लिया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### ग्रामीणों को दी वित्तीय जानकारियां

**खड़गांव**। सोमाटोला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुद्रा लोन, बचत योजना, निवेश, डिजिटल लेनदेन, बैंकिंग सेवाएं, बीमा योजना आदि की जानकारी दी गई। लोगों को आनलाइन ठगी से बचने की विस्तार से जानकारी दी गई। आधार कार्ड, पेनकार्ड, पासवर्ड,ओटीपी की जानकारी किसी से शेयर न करने की समझाइश दी गई। आनलाइन ठगी होने पर पुलिस थाने से तत्काल सम्पर्क करने प्रेरित किया गया।



## कांग्रेस नेता महिला पंचायत सचिव के साथ बंद कमरे में पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मध्य रात्रि अंबागढ़ चौकी नगर में कांग्रेस के अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं गोंड महासभा के संभागीय सचिव कुमार कोरेटी नगर के 14 नंबर वार्ड में महिला पंचायत सचिव के साथ बंद कमरे में कैद कर दिए गए।

शिक्षक पति के बवाल मचाने के बाद मोहल्लेवासी व गोंड समाज अलग धड़ा के प्रतिनिधियों ने बेदम पीटाई करते पुलिस बल के साथ शहर में 3 किलोमीटर तक जुलूस निकालकर थाना पहुंचाया। मामले के सामने आने के बाद अनुसूचित जनजाति बाहुल्य जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी क्षेत्र में राजनीतिक बवाल मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात 11 बजे के लगभग मोहला विकासखंड के ग्राम कुल्हारदो निवासी कुमार कोरेटी अंबागढ़ चौकी नगर में निवासरत आदिवासी गोड़ समाज से ताल्लुक रखने वाले शिक्षक की पत्नी पंचायत सचिव के घर पहुंचा। पत्नी और कांग्रेस नेता के बीच आंतरिक संबंध होने के शक में पति ने बाहर से कमरे का दरवाजा बंद कर समाज के अंबागढ़ चौकी तथा मोहला क्षेत्र के लोगों को रात में इकट्ठा कर लिया। आधी रात तनावपूर्ण स्थिति के बीच अंबागढ़ चौकी थाना की फोर्स भी मौके पर पहुंची। किसी तरह पुलिस कांग्रेस नेता को अपने साथ गाड़ी में थाना ले जाने का प्रयास किया। इस दौरान समाज व उपस्थित लोगों ने पुलिस बल पर दबाव बनाते जुलूस की शक्ल में तीन किलोमीटर चलकर थाना पहुंचा। इधर भारी तनाव के बीच अंबागढ़ चौकी पुलिस ने कांग्रेस नेता कुमार कोरेटी के खिलाफ प्रतिबंधित धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

### दो भाग में बटा गोंड समाज

गोंड समाज के संभागीय संगठन मंत्री देव कडियाम ने इस मामले में पक्ष रखते कहा कि कुमार कोरेटी किसी भी आपत्तिजनक स्थिति में नहीं पकड़ा गया है, उनके समाज के सचिव को नीचे गिराने साजिश के तहत इस घटना को अंजाम दिया है।

### घायल अवस्था में अस्पताल लाए गए

बेहद मारपीट से आहत कांग्रेस नेता तथा गोंड समाज के संभागीय सचिव कुमार कोरेटी को ईलाज के लिए अंबागढ़ चौकी पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी लेकर पहुंची, जहां इलाज कराया गया।

## मेला में फुटकर दुकानदारों से उगाही की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

क्वांर नवरात्रि पर्व के दौरान स्थानीय अधिकारी की कार्यप्रणाली और व्यवस्था के नाम पर लापरवाही बरतने और उगाही करने की चर्चा है।

बाहर से कमाने खाने आए ठेला खोमचा, फुटकर व्यापारियों के लिए बनाई गई अस्थाई दुकानों से अवैध उगाही करने के साथ बिजली कनेक्शन काट कर दुकान बंद करने की धमकी देने का आरोप मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर लगा रहे हैं। बताया जाता है कि फुटकर व्यापारियों का समान जप्त करने की धमकी देते हुए बिना रसीद के 5 सौ से हजार रूपए तक की वसूली की जा रही है। वहीं अस्थाई दुकानदारों से 3 से 5 हजार तक मांगा जा रहा है। मेला ग्राउंड में लगी होटलों से 15 हजार तय होने के बाद भी बिजली कनेक्शन काट कर 10 हजार तक की मांग करने पर दुकानदारों ने जमकर हल्ला किया। दुकानदारों ने इस आशय की शिकायत पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे से की है। अध्यक्ष डोंगरे ने बताया कि उन्हे कुछ शिकायतें मिली है।

### कलेक्टर को अवगत कराया जाएगा

इस मामले में सीएमओ खिलेन्द्र भोई से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होने फोन रिसीव नहीं किया। प्रशिक्षु आईएएस एम भार्गव ने इस मामले को गंभीरता से लेकर शिकायतों को लेकर कलेक्टर को अवगत कराने की बात कहा है।

### शालीन वेशभूषा में आएं श्रद्धालु

**डोंगरगढ़**। विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष तरुण हथेल ने बम्लेश्वरी दर्शन करने आने वाले दर्शनार्थियों से संस्कृति, संस्कार और धार्मिकता का एहसास कराने वाले कपड़ों का उपयोग करने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में प्रचार और कथित रूप से अच्छा दिखने के चक्कर मे लोग ऐसे कपड़े पहनकर वीडियो बनाकर वायरल करते है जिससे धर्म की मर्यादा तार तार होती साथ ही सनातन धर्म का मजाक उड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रचार के फेर में लोग यह भूल जाते हैं कि वह धर्म के मजाक का कारण बन रहे है। उन्होंने मंदिर समिति के कर्ताधर्ताओं ने श्रद्धालुओं की वेशभूषा पर नजर रखने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रशासन से मेला व्यवस्था और मंदिर के आसपास मादक पदार्थ, चिकन, मटन आदि की दुकाने न लगे इस बात का खास ध्यान देने का आग्रह किया है।

## दो बाइक खोजकर पुलिस ने आवेदकों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

बाइक एवं मोपेड में परिवार के साथ नवरात्र पर्व के दौरान माता के दर्शन हेतु आए हुए लोगों का वाहन गुम हो गया था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने गुम दो वाहनों को खोजकर आवेदकों को सुपुर्द किया।

पुलिस के अनुसार आवेदक अमर यादव निवासी शिव मंदिर के पास राजनांदगांव थाना बसंतपुर से सूचना प्राप्त हुआ कि 23 सितंबर को वह अपने परिवार सहित अपनी मोटर साइकिल एक्टिवा होंडा से देवी दर्शन के लिए निकले थे। भीड़ में अपनी मोटर साइकिल को भूल गया, जिसे ढूंढने के उपरान्त भी नहीं मिला। इसी प्रकार आवेदक राघव भुआर्य निवासी औंधी ने थाना में उपस्थित होकर सूचना दिया कि वह अपने परिवार सहित जिला देवी दर्शन के लिए मां बर्फानी मंदिर आया हुआ था और अपनी मोटर साइकिल को खड़ी कर माता दर्शन के लिए गया हुआ था। वापस आकर देखा तो इसे इसका मोटर साइकिल भीड़ में नहीं मिला।

### पुलिस कार्य की सराहना

जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में आवेदकों के गुम मोटर साइकिल को ढूंढने हेतु पृथक से टीम गठित किया गया तथा उपरोक्त गठित टीम द्वारा दोनों मोटर साइकिल को बरामद कर थाना लेकर आए और दोनों आवेदकों से संपर्क साधकर 24 सितंबर को आवेदकों को उनके-उनके मोटर साइकिल को सुपुर्द किया गया।

## शिक्षकों, प्रतिभाशालियों का सम्मान

### कैरियर गाइडेंस एवं सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बांधाबाजार

जादूटोला में जनजाति विकास एवं उत्थान संगठन ने कैरियर गाइडेंस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में 160 से अधिक प्रतिभागी और 100 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 40 शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

इसी क्रम में सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान दे रहे 20 प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एफएल मंडलोई, विशिष्ट अतिथि डीएल नेताम, विनोद मंडावी, एसएल खोब्रागड़े, सुकारो विष्णु नेताम, अशोक ध्रुव, मनहरण पिथौरा, चिन्ताराम नायक, नीलकंठ कोमरे, योगेंद्र कोड़ापे, लेकेश्वर ठाकुर थे।

### शिक्षा और संस्कार पर बल

समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने शिक्षा और कैरियर गाइडेंस की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। नीलकंठ कोमरे ने कहा कि यह आयोजन केवल सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के भविष्य की दिशा तय करने और समाज को नई सोच देने का माध्यम है। इस मौके पर मनहरण पिथौरा, मोरध्वज सोनवानी, विनोद मंडलोई ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि श्री मंडलोई ने कहा कि कैरियर गाइडेंस जीवन की दिशा तय करने में सहायक है। यदि विद्यार्थी इस मार्गदर्शन को आत्मसात करें तो वह किसी भी मुकाम तक पहुँच सकते हैं।

### समाजिकजनों की भागीदारी

इस मौके पर लेखराम ठाकुर, रतन ठाकुर, यादवराम मंडावी, बुधराम, किरण मंडावी, विष्णु नेताम, मनोज नेताम, छबल नेताम, बिसनाथ नेताम, राजू निर्मल, गोपीकृष्ण सिन्हा, भगत उइके, अरुण यादव, चंद्रशेखर, प्रफुल भंडारी, नीलकंठ कोमरे, मनोज चंद्रवंशी, उमेशकुमार यादव आदि मौजूद थे। संचालन मनोज चंद्रवंशी एवं उमेश ने किया।

### विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति

**डोंगरगांव**। विधायक दलेश्वर साहू ने स्कूलों की गतिविधियों पर नजर रखने के



लिए विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। जानकारी के अनुसार स्थानीय पूर्व माध्यमिक शाला में अमित ठाकुर, आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल में अब्दुल करीम, स्वामी आत्मानंद स्कूल में संदीप रत्नाकर, प्राथमिक शाला में नियाजुद्दीन सोलंकी और प्राथमिक शाला सेवताटोला में पदमा देवांगन को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया है। सभी प्रतिनिधियों को मंडल अध्यक्ष डां नरेन्द्र साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष संध्या साहू, बीरेन्द्र बोरकर, अखिलेश नखत, रौशन यदु, प्रियंक जैन, निशा नखत, दीपक देवांगन, संजय संचेती, रितेश राजपूत, पुष्पदेवी यदु, वैशाली बोरकर, श्रुति शुक्ला, आरती कोरे, सद्दाम खत्री, गीता भोसले, विभा चौबे, प्रदीप रत्नाकर, महेन्द्र वैष्णव, अनिल कसेर आदि ने बधाई दी है।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 सितंबर 2025






# पटवारी की आईडी चोरी कर जमीन दस्तावेज में छेड़छाड़, राजस्व महकमे पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के एक पटवारी की आईडी चोरी कर जमीन के दस्तावेजों में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत स्वयं पटवारी ने राजस्व महकमे में की है। बताया गया कि इस मामले में राजस्व महकमे में ही पदस्थ एक कर्मचारी की संलिप्तता सामने आ रही है। गंभीर बात यह है कि यह सब तब किया गया, जब पटवारी संघ अपनी हड़ताल पर था। हालांकि इस मामले में अब तक जांच कर एक्शन नहीं लिया गया है। जबकि पटवारी सहित जिनकी जमीन के दस्तावेजों में छेड़खानी की गई है, उन प्रार्थियों ने इसकी सभी जगह शिकायत की है।

## विभाग में ही पदस्थ एक कर्मचारी की संलिप्तता आ रही सामने, अब तक एफआईआर नहीं

### यह है पूरा मामला

लखोली निवासी शैलेष जैन की माता का निधन इस साल 4 जनवरी को हुआ। उनकी मां के नाम पर लगभग 17 हजार वर्गफीट की एक जमीन थी। निधन के बाद जब शैलेष फौती उठाने पटवारी के पाए गए तो उन्होंने बताया कि जमीन दूसरे के नाम पर दर्ज हो गई है। पूछताछ करने पर पटवारी द्वारा बताया गया कि छेड़छाड़ कर किसी ने 6 जनवरी को इसमें बदलाव कर राजेंद्र जैन के नाम पर कर दिया गया है। इसके बाद प्रार्थी ने इसकी शिकायत आईजी, एसडीएम, तहसील से लेकर थाना तक की, लेकिन राजनीतिक प्रभाव के चलते इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

### पुलिस के पत्र का तहसीलदार नहीं दे रहे जवाब!



पक्षकारों ने यह भी बताया कि उन्होंने जब इस मामले की कोतवाली पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई तो उसके बाद थाना से मामले में तहसीलदार से जानकारी मांगी गई है, लेकिन तहसीलदार अब तक मामले में जानकारी नहीं दे रहे हैं। जिसके चलते तहसील महकमे की भी संलिप्तता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अब तक एफआईआर नहीं

प्रेसवार्ता के दौरान प्रार्थी शैलेष जैन ने बताया कि मामले की शिकायत के बाद शुरूआती दौर पर मिली जानकारी के अनुसार 7000387873 इस नंबर से लॉग इन कर दस्तावेजों में छेड़छाड़ की गई है। जांच पर पता चला है कि यह नंबर तहसील में ही पदस्थ एक कर्मचारी का है। ऐसे में संबंधित कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का एफआईआर होना चाहिए, लेकिन नेताओं के दबाव के चलते इस मामले में कार्रवाई नहीं की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार इस साल की शुरूआत में 3 से 6 जनवरी के बीच पटवारी देवव्रत यदु की आईडी से एक जमीन के दस्तावेजों में छेड़छाड़ की गई। पक्षकारों को जब यह पता चला कि उनके नाम की जमीन किसी दूसरे व्यक्ति के नाम दर्ज कर दी गई है, तो उन्होंने पटवारी से संपर्क किया। पटवारी द्वारा बताया गया कि जिस दौरान यह बदलाव किए गए हैं, उस समय उनके संघ की हड़ताल चल रही थी और उन्होंने ऐसा नहीं किया है। जिसके बाद पटवारी ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए एक शिकायती पत्र अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं संचालक भू-अभिलेख रायपुर को दिया। इस मामले के प्रकाश में आने के बाद राजस्व महकमे में भी हड़कंप मच गया था। इस पूरे मामले की जानकारी प्रार्थी शैलेष जैन ने प्रेसवार्ता कर दी।

# झमाझम बारिश से पदयात्रा और गरबा आयोजन के साथ धान फसल प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम की वजह से अंचल में बारिश का दौर देखने को मिल रहा है। बीते तीन दिनों से जहां हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली है। वहीं बन रहे नए सिस्टम की वजह से दो दिनों बाद से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। नवरात्र पर्व में बारिश होने का सीधा असर पदयात्रियों और गरबा के आयोजन पर देखने को मिल रहा है। इसके अलावा तेज बारिश से हरुना धान की फसल भी प्रभावित हो रही है।

पदयात्री जहां बारिश में भीगते हुए मंदिर की ओर आगे बढ़ रहे हैं। वहीं गरबा आयोजकों को अपनी व्यवस्था दुरूस्त करने में ही पसीना बहाना पड़ रहा है। इसके अलावा शहर सहित जिलेभर में प्रतिमा स्थापना के लिए बनाए गए पंडाल में भी जलभराव जैसी दिक्कतों का सामना समितियों को करना पड़ रहा है।

इधर मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले में 1 जून से अब तक औसत 885.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 989.9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 866.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 1191.2 मिमी, घुमका तहसील में 759.5 मिमी, छुरिया तहसील में 681 मिमी, कुमरदा तहसील में 819.1 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 890.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 1191.2 मिमी दर्ज की गई है।



**26 से तेज होगी बारिश:** एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे मध्य बंगाल के खाड़ी के ऊपर 25 सितंबर को बनने की संभावना है। इसके पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी दक्षिण उड़ीसा तक और उत्तर आंध्र तरफ से दूर परिवर्तित होने की संभावना है। इसके दक्षिण उड़ीसा-उत्तर आंध्रप्रदेश तट के पास 27 सितंबर को पहुंचने की संभावना है। इस कारण प्रदेश के बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में 26 सितंबर से भारी से अति भारी वर्षा होने की

### धान पर ऐसा प्रभाव

किसानों से मिली जानकारी के अनुसार तेज बारिश और खेतों में पानी भर जाने से दो तरह की समास्याएं सामने आ रही है। खासकर हरुना धान की फसल को इससे जहां क्वालिटी खराब होने की चिंता बढ़ गई है। वहीं तेज बारिश की वजह से धान की फसल में लगी बालियां गिर रही है। ज्ञात हो जिले में बड़ी संख्या में किसान हरुना धान की खेती करते है।

### मध्यम बारिश के आसार

प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। ज्ञात हो कि पिछले दो दिनों में ही राजनांदगांव जिले में 30 मिमी से अधिक बारिश देखने को मिल चुकी है।

# असामाजिक तत्वों ने जला दी बाइक!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



घर के पास खड़े वाहनों को बीती रात असामाजिक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात चोर पेट्रोल चोरी का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान यह घटना हुई। मौके पर एक चप्पल मिला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत चंदन नगर नवागांव मोतीपुर इलाके में पत्रकार ऋषि सिन्हा के मकान के बाजू प्लाट में वाहनों को रखने के लिए शेड बनाया गया है, जहां बीती रात बाइक सहित अन्य वाहन खड़ी थी। बताया गया कि देर रात अचानक बाइक में आग की लपटे दिखी तो आसपास के लोगों ने शोर-शराबा मचाया। इस दौरान आग लगाने वाले असामाजिक तत्व मौके से फरार हो गए। ऐसी भी क्षेत्र के लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात चोरों का यह कारनामा हो सकता है। अज्ञात चोर वाहन से पेट्रोल चोरी करने पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

## जानलेवा हमला का फरार आरोपी पकड़ाया

**छुईखदान।** पूर्व में धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में 2 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार जिला केसीजी पुलिस टीम द्वारा थाना छुईखदान के धारा 296, 118(1), 351(3), 126(2), 109, 3(5) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट हत्या करने की नियत से धारदार हथियार से मारकर फरार होने के मामले में पूर्व में पांच आरोपियों को न्यायालय के आदेश से जेल में निरूद्ध किया गया है। प्रकरण में फरार आरोपी सलमान खान उर्फ बंटाय 21 साल गौरीनगर स्टेशनपारा को पतासाजी कर 23 सितंबर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना दिनांक को अपराध घटित करना एवं जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी सलमान खान उर्फ बंटाय को न्यायालय के आदेशानुसार ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

# अवकाश के दिन परीक्षा का आयोजन, विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित दशहरा अवकाश के बीच परीक्षा आयोजित किए जाने के मामले को लेकर आज एनएसयूआई के कार्यकर्ता और छात्र अवकाश में परीक्षा आयोजित नहीं करने की मांग को लेकर कुलपति के नाम ज्ञापन देने प्राचार्य कार्यालय पहुंचे। इस दौरान दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य ने ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया। उल्टे उन्होंने वीडियो बना रहे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं, पुलिस विभाग के एलआईबी और पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर कर जेल भेजने की धमकी दे दी।

स्कूल शिक्षा मंत्रालय द्वारा 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक दशहरा अवकाश घोषित किया गया है। इस अवकाश अवधि में विश्वविद्यालय के माध्यम से 29 और 30 सितंबर को परीक्षा आयोजित की गई है। त्योहार के अवकाश पर परीक्षा आयोजित करने का विरोध करते एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने कुलपति के नाम ज्ञापन देकर परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है। कार्यकर्ता जब प्राचार्य के पास ज्ञापन देने पहुंचे तो उन्होंने ज्ञापन



### गेट पर चस्पा किया ज्ञापन

प्राचार्य द्वारा ज्ञापन लेने से मना किए जाने के बाद एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक भवन के गेट के बाहर ही ज्ञापन चस्पा कर दिया।

### परीक्षा युनिवर्सिटी का निर्णय है

इस पूरे मामले में दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य सुचित्रा गुप्ता का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा सप्लीमेंट्री परीक्षा घोषित की गई है। 29 व 30 तारीख को परीक्षा आयोजित है, फिर दशहरे के बाद परीक्षा होगी। उन्होंने कहा कि यह युनिवर्सिटी का निर्णय है, हमारे पास परीक्षा आयोजित करने टाइम टेबल आया है। अवकाश को लेकर विरोध है। जिसके लिए वाइस चांसलर से चर्चा की जाएगी। एफआईआर की धमकी मामले में उन्होंने कहा कि एफआईआर की धमकी इसलिए दी कि वह लोग बदतमीजी से बात कर रहे थे। वहीं सभी लोग बिना अनुमति के वीडियो बना रहे थे। जिसमें सरकारी तंत्र के लोग भी शामिल थे। मैंने वीडियो क्यों बना रहे हो यह बोला है।

### अवकाश के बाद परीक्षा आयोजित करने की मांग

एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, राजा यादव और ऋषि शास्त्री ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा नवरात्र और दशहरा अवकाश के दौरान स्नातक की पूरक परीक्षा आयोजित करने के निर्णय का विरोध किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में नवरात्रि की अष्टमी, नवमी और दशहरा महत्वपूर्ण त्योहार है और इन दिनों परीक्षा आयोजित करना अनुचित है। परीक्षा को त्योहारों के दो दिन बाद आयोजित करने से छात्रों को अपनी पढ़ाई और धार्मिक गतिविधियों में संतुलन बनाने में मदद मिलेगी।















## खबर संक्षेप

### साहू समाज के पदाधिकारियों का चयन



**सड़क अतरिया।** चकनार में गत दिनों साहू समाज की आमसभा का आयोजन किया गया। सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन कर पदभार सौंपा गया। कार्यकारिणी में सरजू साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। भैरव साहू को सचिव की जिम्मेदारी सौंपा गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष ईश्वर साहू, कोषाध्यक्ष धनकुमार साहू, संगठन सचिव टीकाराम साहू, महिला सदस्य सुमित्रा साहू, गौतरिन बाई को बनाया गया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाजिक जनों ने बधाई दिया है।

### संगठन कर रहा वाहन चालकों को जागरूक



**सड़क अतरिया।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन केसीजी द्वारा सोमवार को सड़क अतरिया घिरघोली के मध्य कुकुरमुडा चौक में शिविर लगाकर वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने जागरूक किया गया। संघ के जिला अध्यक्ष भागीराम साहू ने बताया कि संघ के सदस्यों के साथ जिले में लगातार शिविर लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। बड़े वाहन के चालकों को वर्दी पहनने, नशा से दूर रहने, लाइसेंस अपडेट रखने, यातायात नियम का से पालन करने के फायदा एवं नुकसान बताया जा रहा है। वहीं दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट का उपयोग करने कहा गया। वाहन चालक एवं ग्रामीण संघ के इस अभियान की खुब सरहाना कर रहे हैं। ड्राइवर संघ एक तरफ वाहन चालकों को यातायात नियम का भलीभांति पालन करने जागरूक कर रहें हैं। वही दूसरी ओर प्रदेश संगठन के आव्हान पर सरकार से अपनी मांग पूरा करने की अपील कर रहें। मांग पुरी नहीं होने पर 24 अक्टूबर को स्टेरिंग छोड़ो आंदोलन करने का ऐलान किया है। संघ की प्रमुख मांगों में पूर्ण शराब बंदी, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड का गठन, सुरक्षा कानून हेतु आयोग का गठन, दुर्घटना में चालक की विकलांगता पर दस तथा मृत्यु पर परिवार को 20 लाख की सहायता, ड्राइवर दिवस की घोषणा, पेंशन आदि मांगे शामिल है।

### शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण



**सड़क अतरिया।** प्राथमिक शाला चकनार में मंगलवार को एबीईओ गिरेन्द्र सुधाकर, संकुल समन्वयक श्री भारती ने औचक निरीक्षण किया।इस दौरान अधिकारियों ने शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण पद्धति, बच्चों की प्रगति का विस्तृत अवलोकन किया। अधिकारियों ने सभी कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों के अध्ययन का आंकलन और उनकी पढ़ाई की गुणवत्ता का जायजा किया। शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने और अनुशासन व स्वच्छता बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसके पश्चात निरीक्षण में उपस्थिति रजिस्टर, मिड-डे मील, शिक्षण सामग्री और विद्यालय की समग्र व्यवस्था की भी समीक्षा किया। बच्चों की बुनियादी जानकारी को और मजबूत करने एवं शिक्षा को रोचक बनाने मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर सरपंच वंदना पटेल, उपसरपंच डोगेंद्र शोरी, पंच भैरव साहू, रूपसिंह पटेल, गौतम कुंजाम, पालक आदि उपस्थित थे।

### ठाकुरटोला में पौधारोपण



**एलबी नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत ठाकुरटोला में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे, सुरेश वर्मा, वर्षा गेड़ाम, अशोक वर्मा, सरपंच रामप्रसाद वर्मा, शोभा यादव, कमलेश वर्मा, दानी वर्मा, सेवक चंद्रवंशी, संजय वर्मा, काजल वर्मा, राजेश राजपूत, भगवती वर्मा, हितेश्वरी वर्मा, गंगावती, थानीबाई मंडावी, ललिताबाई सेन, जैन बाई आदि मौजूद थे।

### 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सड़क अतरिया।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 3 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृति दी है। इसमें तहसील गण्डई के ग्राम दौजरी निवासी राजबाई व तहसील साल्हेवारा के ग्राम चोभर निवासी अंगदराम की मृत्यु आकाशीय बिजली गिरने से होने पर मृतक राजबाई के निकटतम वारिसान तुलाराम ग्राम दौजरी तथा अंगदराम के निकटतम वारिसान आनंदकुवर ग्राम चोभर को आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई। इसी प्रकार तहसील साल्हेवारा के ग्राम सिंगबोरा निवासी नेमसिंह धुर्वे को जहरीले सर्प द्वारा काटे जाने से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान मीना बाई धुर्वे ग्राम सिंगबोरा निवासी के लिए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। संबंधित तहसीलदार को निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वीकृत राशि का आहरण कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें।

### वीर सिपाही को पूर्व सैनिक ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के बस्तर का वीर सपूत मणिपुर में सैनिक उग्रवादी कार्रवाई के दौरान वीरगति को प्राप्त ऐसे वीर शहीद रंजित सिंह कश्यप का पार्थिव शरीर शाम को रायपुर एयरपोर्ट पहुंचा। श्रद्धांजलि देने स्टेशन हेडक्वार्टर द्वारा पूरी व्यवस्था एयरपोर्ट में किया गया था। श्रद्धांजलि देने स्टेशन हेडक्वार्टर कोसा से उनके अधिकारी एवं स्टाफ, सिविल प्रशासनिक अधिकारी पुलिस प्रशासनिक अधिकारी, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की तरफ से प्रदेश संरक्षक पवन कुमार निषाद, अध्यक्ष कर्नल हरिन्द्र त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, कांकेर से रवि साहू ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश संरक्षक पवन कुमार निषाद ने बताया शहीद का पार्थिव शहीद के गृहग्राम बालेंगा पहुंचेगा। सभी पूर्व सैनिक एवं आम नागरिक से अंतिम संस्कार कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह है।

## गड्ढे की वजह से लगातार हो रहे हादसे

# तीन माह में नहीं पटा सड़क का गड्ढा, दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



छुईखदान गंड़ई मुख्य मार्ग में नर्मदा चौक के समीप बना गहरा गड्ढा तीन माह बीते जाने के बाद भी नहीं पाटा जा सका है। जो दिनों दिन लम्बा चौड़ा होकर बड़ी दूर्घटना को दावत दे रहा है। ज्ञात हो कि माह भर पहले विभाग को समस्या से अवगत कराने के बाद गिट्टी आदि से गड्ढा को पाटा गया था। जो सप्ताह भर में जस तस हो गया है। गड्ढा में भरा बरसाती पानी की वजह से वाहन चालक को सड़क पर गहरा गड्ढे का अंदाजा नहीं रहता है। और दूर्घटना का शिकार हो जाता हैं।

मिली जानकारी अनुसार नर्मदा चौक से गंड़ई की ओर दीप वस्त्रालय के सामने का गड्ढा दिनों दिन गहरा होता जा रहा है। दो माह में इस स्थान पर दो दर्जन से अधिक मोटर सायकल चालक गिर कर घायल हो चुके हैं। कुछ को गंभीर चोट भी आ चुका है। गांव के बसंत सिन्हा, नंदू निषाद, इनायत बेग, इमरान ने बताया कि हर दिन एक दो वाहन चालक इस गड्ढा की वजह से गिर जाते है। खास कर रात में यहां घटना अधिक होती है। या भीड़ भाड़ के समय। पर गनीमत रही की अब तक कोई गंभीर रूप से हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया की गड्ढा की वजह से रोज कोई न कोई बाईक सवार हादसे का शिकार हो जाता है। खास कर बारिश होते समय या साम रात को अक्सर गड्ढा की वजह से दूर्घटना होती है। ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग सड़क मरम्मत को लेकर लापरवाही बरत रही है। बरसात में सडक जगह जगह गड्ढा हो गया है। कुछ गड्ढा गहरा होकर जानलेवा हो गया। जिसकी जानकारी विभाग को देने के बाद भी सड़क मरम्मत की पहल नहीं की जा रही है।

#### व्यस्त एवं प्रमुख चौराहा है

नर्मदा का अवंती चौक गंड़ई, छुईखदान तथा साल्हेवारा मार्ग का प्रमुख तिराहा है। जो हमेशा व्यस्त रहता है। छोटे बड़ी गाडियां दिन भर यहां से गुजरते रहती है। इसी चौक में तीनों ओर प्रतिदिन सब्जी की बाजार लगी रहती है। और गड्ढा भी इसी चौक के समीप ही है। जो काफी लम्बा चौड़ा और गहरा हो गया है। जिसमें बरसाती पानी हमेशा भरे होने के कारण छोटे वाहन चालक गड्ढा का सही अंदाजा नहीं लगा पाते और दूर्घटना का शिकार हो जाते है। अगर समय रहते इसकी मरम्मत नहीं किया गया तो गंभीर हादसा होने की आशंका बना हुआ है। प्रतिदिन इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक और ग्रामीण विभाग से सड़क मरम्मत करने की मांग किया है।

## विक्रांत ने ग्रामीणों को समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन



- जिपं उपाध्यक्ष क्षेत्र में लगातार दौरा कर आमजनों से कर रहे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह विधानसभा क्षेत्र का लगातार दौरा कर आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनने के साथ उसके निदान को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियो को मौके पर ही निर्देश जारी कर रहे है। उनके लगातार जनसंपर्क से ग्रामीणों में उत्साह बना हुआ है।

क्षेत्र भ्रमण के अलावा निवास पर मौजूद रहकर भी विक्रांत सिंह लोगों की समस्याओं उलझनों के निराकरण को लेकर लगातार प्रयासरत है। निवास पर भेंट दौरान छुईखदान और खैरागढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए लोगों के पेयजल संकट, भवन मरम्मत, शासकीय योजनाओं के लाभ नही मिलने जैसी समस्या शिकायत को सुना और यथाशीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

#### सौंपा मांग पत्र

इस दौरान कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने विकास कार्यों के संबंध में मांग पत्र भी सौंपा जिसमें उन्होंने नाली, गली कांक्रीटीकरण, सामुदायिक भवन और अन्य बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता पर ध्यानाकर्षण कराया। विक्रांत सिंह ने कहा पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा दिए सुझावों को प्राथमिकता देने आने वाले समय में ग्रामीण विकास कार्यों गंगा बहने का भरोसा दिया। विशेष रूप से शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कई जगहों से जर्जर स्कूल भवनों की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि इस विषय में शिक्षा विभाग से जानकारी एकत्र कर उसे उच्च स्तर पर पहुंचाया जाएगा ताकि नए भवनों का शीघ्र निर्माण हो सके और बच्चों की शिक्षा बाधित न हो। लगातार जनसंपर्क और मेल मुलाकात को लेकर उन्होने कहा कि जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि वे जनता से सीधा संवाद करें और उनकी समस्याओं को सुने। जनता की सेवा का उद्देश्य लेकर तत्पर रहेंगे। उन्होंने योजनाओं का लाभ उठाने सजग रहने और किसी भी समस्या के लिए सीधे संपर्क करने की अपील की है।

## 121 बच्चे नि:शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार से लाभान्वित

**राजनांदगांव।** जिला आयुष विभाग द्वारा एवं छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज मनकी के सहयोग से पुष्य नक्षत्र पर शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक दीनदयाल नगर चिखली राजनांदगांव में एक वर्ष से 16 वर्ष के बच्चों के लिए निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने कहा कि स्वर्ण प्राशन कराने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है तथा बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में सुधार होता है। स्वर्ण प्राशन में बुद्धिवर्धक औषधियों जैसे ब्राह्मी, वचा और शंखपुष्पी का समावेश होता है, जो बच्चों की बुद्धि और स्मरण शक्ति को बढ़ाता है। स्वर्णप्राशन से बच्चों की पाचन शक्ति बढ़ती है और बच्चे आसानी से भोजन पचा पाते हैं। स्वर्णप्राशन से बच्चों का शारीरिक विकास तेजी से होता है और उनकी धातु निर्माण भी उत्कृष्ट प्रकृति की होती है।

आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना ने बताया कि बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने आयुर्वेद में वर्णित स्वर्ण प्राशन एक महत्वपूर्ण उपाय है। यह आयुर्वेदिक उपचार बच्चों को विभिन्न बीमारियों से बचाव में मदद करता है और उनकी शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता है। स्वर्ण प्राशन से बच्चों की रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। जिससे बच्चों को बीमारियों से बचाव में मदद मिलती हैं। शिविर में 121 बच्चों को निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार का लाभ मिला।



## ग्रामीण आवास लक्ष्य पूरा करने लग रहा आवास चौपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत निर्माणाधीन आवास का काम पूरा कराने और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने जिले के सभी 221 ग्राम पंचायतों में आवास चौपाल लगाया जा रहा है। जहां आवास हितग्राही सहित सरपंच, पंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र व ग्रामीण शामिल हो रहे हैं। हितग्राहियों को एक महीने के अंदर निर्माणाधीन आवास का काम पूरा करने प्रेरित किया जा रहा है। जिनको सामग्री या राशि की जरूरत है उन्हें स्थानीय स्तर पर जल्दी ही उक्त चीजे प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। जिन्हें तकनीकी समस्या की वजह से आवास का किश्त नहीं मिल रहा है या मजदूरी की राशि नहीं मिल रही है उनकी समस्या का तत्काल निदान करने का प्रयास किया जा रहा है। चौपाल में आवास निर्माण की जानकारी सहित आगे की कार्ययोजना संबंधी प्रमाण-पत्र तैयार किया जा रहा है। चौपाल के सुचारू संचालन को लेकर जनपद सीईओ सहित विकास विस्तार अधिकारी, करारोपण अधिकारी, इंजीनियर्स और तकनीकी सहायकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### गुणवत्ता की जांच करने गांव का दौरा

चौपाल आयोजन एवं निर्माण की गुणवत्ता की जांच करने जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने खैरागढ़ ब्लॉक के सलिहा और राहूद का दौरा किया गया। दोनों पंचायत में आवास निरीक्षण कर सरपंच पंच की उपस्थिति में हितग्राहियों से चर्चा बाद किश्त और मजदूरी की राशि तत्काल जारी करने कहा। वही रोजगार सहायक द्वारा लंबे समय से आवास निर्माण में की जा रही लापरवाही को लेकर जनपद सीईओ को कड़ी कार्यवाही साथ उसकी जगह पर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था के लिए आदेशित किया। गौरतलब है कि जिले 24-25 में 15 हजार परिवारों को आवास राशि जारी की जा चुकी है जिसमें से अब तक चार हजार आवास का काम पूरा हो गया है। मार्च में प्रधानमंत्री के बिलासपुर आगमन समय दो हजार का गृह प्रवेश कराया गया था वही आगामी एक नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सात हजार से अधिक आवासों में गृह प्रवेश का लक्ष्य राज्य शासन से मिला है। जिसे देखते हुए शेष तीन हजार आवासों के काम में तेजी लाई जा रही है।

### कार्य पूर्ण नहीं करने पर अनुबंध होगा निरस्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर तथा जिला जल एवं स्वच्छता मिशन अध्यक्ष डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जल जीव मिशन अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खपरीकला में कार्यरत ठेकेदार मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स डोंगरगढ़ द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कार्रवाई करते अनुबंध को निरस्त कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता सह कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड ने बताया कि ठेकेदार मेसर्स श्रीराम कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स डोंगरगढ़ को उपखंड स्तर पर बारम्बार पत्राचार के माध्यम से कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया था, परन्तु ठेकेदार द्वारा कार्य के प्रति कोई सकारात्मक रूचि प्रदर्शित नहीं किया गया। कार्यालय द्वारा ठेकेदार को अंतिम कारण बताओ नोटिस प्रेषित किया गया, जिस पर भी ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार का कोई प्रति उत्तर नहीं दिया गया। ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करते अनुबंध को निरस्त कर दिया गया। साथ ही निविदा में जमा अमानत राशि एवं सुरक्षा निधि को शासन के पक्ष में राजसात किया गया है।

## सेवा पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

मंडल भाजपा के अध्यक्ष जागेश्वर यादव के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। द्वितीय चरण में हाईस्कूल तुमडीबोड, तिलईरवार, पूर्व माध्यमिक शाला पेटेश्री में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा ने ग्राम पंचायत ढाबा में स्वच्छता अभियान चलाते हुए सफाई किया और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। मेरा युवा भारत अभियान के अंतर्गत खेल युवा मंत्रालय भारत सरकार तथा मंडल भाजपा के सहयोग से विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया। अंचल के बालक, बालिकाओं ने कबड्डी, गोला फेंक, तवा फेंक, रस्सीखींच आदि में हिस्सा लिया।

#### भगवती यादव का सम्मान

प्रदेश भाजपा एवं भाजयुमो द्वारा रायपुर में आयोजित मैराथन में प्रथम स्थान हासिल करने पर तुमडीबोड की भगवती यादव का सम्मान किया गया। इसी क्रम में मचानपार के कबड्डी खिलाड़ी तिलेश पटेल के स्टेट टीम से नेपाल और गोवा में खेलने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल भाजपा अध्यक्ष जागेश्वर यादव डा विद्या विलास श्रीवास्तव, टीकम पटेल, गनेश्वर सिन्हा, नसीब रात्रे, तरुण साहू, पिताम्बर साहू, निर्मला सिन्हा, मोरध्वज चंद्रवंशी, दिलेश यादव, चन्द्रकुमार साहु, सुकजीत डे, तेजस्वी वर्मा, जितेन्द्र सिन्हा, कमलेश साहु, डोमेन पटेल आदि मौजूद थे।

## पर्यटन स्थलों में लोगों ने मिलकर किया श्रमदान

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा, जिले के पर्यटन स्थलों में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत रविवार को सुबह से जिले के पर्यटन स्थलों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। पर्यटन प्रबंधन समिति सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, कर्मचारियो व स्वच्छाग्रही समूह के सदस्यों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों में जनसहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया। लोगों ने मिलकर श्रमदान कर कचरा इकत्रित किया और सही से निपटान किया। साथ ही भविष्य में ख़ुद गंदगी नहीं करने और अन्य लोगों को गंदगी न करने देने का स्वच्छता शपथ लिया।

बाहर से आने वाले पर्यटकों से सफाई बनाए रखने की अपील की गई। मां भवानी मंदिर करेला, नथेला मंदिर बाजार अतरिया, शिव मंदिर शेरगढ़, डोंगेश्वर महादेव जंगलपुर, विंध्यवासिनी मंदिर में स्वच्छता अभियान के दौरान स्थल के विकास पर भी चर्चा की गई। भविष्य में पर्यटन स्थलों में सुविधा विकसित करने के साथ-साथ स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह को सफाई, सुरक्षा, पार्किंग और मूलभूत सुविधा की जिम्मेदारी देने पर विचार किया गया। गौरतलब है कि जिले में अनेक ऐतिहासिक, प्राकृतिक और धार्मिक पर्यटन स्थल स्थित हैं जिनको विकसित कर स्थानीय लोगों को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जिला प्रशासन द्वारा कई पहल किया जा रहा हैं। हमर सुग्घर जिला थीम अनुरूप लोगों से जिला को सुग्घर बनाने जन सहयोग से हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

#### जिपं सीईओ पहुंचे चोड़राधाम

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा प्रारंभ हुआ है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन नगरीय और ग्रामीण दोनों क्षेत्र में विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतों के प्रयास से ही स्वच्छता संभव नहीं है। लोगों के द्वारा अनावश्यक रूप से गंदगी फैलाने के कारण स्थानीय निकायों का बहुत सारा संसाधन और समय लगता है और सम्पूर्ण स्वच्छता भी हासिल नहीं हो पाती है। ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा में सहयोग करने वालों को प्रोत्साहित करने जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने डोंगेश्वर महादेव चोड़रा धाम, जंगलपुर का दौरा किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य, जंगलपुर, बगदुर और पैलीमेटा के सरपंच, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, जिला व विकासखंड समन्वयक सहित महिला समूह के सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ श्रमदान कर मंदिर परिसर की सफाई की एवं धाम के विकास के संबंध में स्थानीय लोगों से चर्चा भी की। वही अभियान तहत बाजार अतरिया में नथेला माता मंदिर मे सरपंच विमला हरप्रसाद वर्मा के नेतृत्व में जनपद सदस्य दीक्षा पूर्णचंद गुप्ता, प्रेमसागर गुप्ता, अनिल विश्वकर्मा, नीतेश उपाध्याय, हीरो यादव, तरूण गुप्ता सहित पंचायत पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने साफ सफाई किया।

### डिप्टी कलेक्टर पाटिल को मिला राजस्व का दायित्व

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिला कार्यालय में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर गौतमचंद पाटिल को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व अनुविभागीय दंडाधिकारी राजनांदगांव के पद का अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्रभार सौंपा है। डिप्टी कलेक्टर पाटिल अपने अनुविभाग अंतर्गत भू-अर्जन अधिकारी, सक्षम प्राधिकारी लोक परिसर बेदखली अधिनियम, पंजीयक लोक न्यास, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता दंड प्रक्रिया संहिता, पंचायत राज अधिनियम, विभिन्न नियमों व एक्ट अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी से संबंधित तथा समय-समय पर सौंपे गए कार्यों का निर्वहन करेंगे।


JM
मोदी सरकार को धन्यवाद
₹ 40,000 से ₹ 1,05,000 तक बचत पायें।
GST 12% नही अब सिर्फ 5%
DAY 4
माँ कूष्मांडा
माँ कूष्मांडा की मुस्कान से खिले हर खेत,
ट्रैक्टर संग फसल बने सोने की रेत।
शुरुआत प्रगति की!
JOHN DEERE
जहाँ तकनीक मिलती है परम्परा से
बुकिंग प्रारंभ
सस्ता नहीं अच्छा लो
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्रॉली के अधिकृत विक्रेता
JOHN DEERE सिर्फ ट्रैक्टर नहीं वो भरोसा है जो पीढ़ियों तक चलता है।
2408045472
जॉन डियर का वादा
5 साल की वारंटी
टेक्नोलॉजी लीडरशिप
सभी ट्रैक्टरों पर
सभी कम्पनियों के पुराने ट्रैक्टर टीप-टॉप कंडिशन में उपलब्ध है।
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

## नगरवासियों की दशकों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हुई, स्थापना से जनता को मिलेगी सुविधाएं

# विधायक बोहरा के प्रयासों से नपं पांडातराई में उप-तहसील स्थापना की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

पंडरिया विधायक भावना बोहरा की कार्यशैली, सक्रियता एवं जनता की सुविधाओं के लिए तत्परता से जनता की बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हो रही हैं। विगत कई वर्षों से नगर पंचायत पांडातराई में प्रशासकीय एवं भू-राजस्व से जुड़े कर्यों के लिए उप तहसील की स्थापना की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पूरी हुई। मंगलवार को नगर पंचायत पांडातराई में उप तहसील स्थापना की स्वीकृति दी गई है। इस सौगात के लिए भावना बोहरा ने नगरवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि जब आप जनहित के लिए प्रयास करते हैं और वह प्रयास सफल होते हैं तो उसकी ख़ुशी व्यक्त करना आसान नहीं होता है। जन संपर्क के दौरान नगर पंचायत इंदौरी व आस-पास के क्षेत्रों में निवासरत जनता द्वारा लगातार उप तहसील की स्थापना की बहुप्रतीक्षित मांग आती रही, उनकी इस मांग को पूरा करने के लिए हमने लगातार प्रयास किया और आज उस प्रयास का सकारात्मक परिणाम आज इस सौगात के रूप में हमें मिला है। मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री ने जनता की उस मांग को पूरा करते हुए नगर पंचायत पांडातराई में उप तहसील के स्थापना की स्वीकृति दी है। इस सौगात से क्षेत्रवासियों को अब भू-राजस्व से जुड़े विभिन्न कार्यों एवं प्रशासकीय कार्यों के लिए अब तहसील कार्यालय आने-जाने की समस्या से निजात मिलेगा। यह न केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि है, बल्कि हमारे सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस उप तहसील की स्थापना से एक सुव्यवस्थित और स्थानीय प्रशासनिक इकाई के माध्यम से जन शिकायतों और आवश्यकताओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा। साथ ही सभी सेवाएँ उनके घर व ग्राम के नजदीक उपलब्ध होंगी जिससे जनता के समय एवं संसाधनों की बचत भी होगी। यह उप तहसील हमारी जनता के लिए सुशासन, सुविधा और विकास का प्रतीक बनेगा। यह उप तहसील हमारे क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक ऐसा केंद्र बनेगी, जहाँ उनकी प्रशासनिक आवश्यकताएँ सरलता और त्वरित गति से पूरी होंगी। उन्होंने आगे कहा कि यह उप तहसील हमारी जनता के लिए समय और संसाधनों की बचत का एक सशक्त माध्यम बनेगी। यहाँ पर भूमि संबंधी कार्य जैसे राजस्व रिकॉर्ड, जमाबंदी, खसरा-खतौनी, नामांतरण, बंटवारा, और अन्य प्रमाणपत्रों जैसे आय, जाति, निवास, और जन्म-मृत्यु पंजीकरण से संबंधित सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, यहाँ पर विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन और जानकारी भी उपलब्ध होगी, जिससे हमारे किसान, युवा, और सामान्य जन आसानी से इन योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह उप तहसील न केवल प्रशासनिक कार्यों को गति देगी, बल्कि यहाँ के कर्मचारी जनता की समस्याओं को सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के लिए तत्पर रहेंगे। यह एक ऐसी व्यवस्था होगी जो पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा के मूल्यों पर आधारित होगी।

### जनहित के प्रयास सफल होने पर खुशी अलग होती है : विधायक



भावना बोहरा ने कहा कि नगर पंचायत पांडातराई की जनता के सहयोग और समर्पण का परिणाम है कि आज हम इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का साक्षी बन रहे हैं। मैं यह कामना करती हूँ कि जब यह उप तहसील का संचालन प्रारंभ होगा तो यह हमारे क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित हो और हमारी जनता के जीवन को और अधिक सुगम और समृद्ध बनाए। हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि जनता की सुविधा, सेवा एवं शासकीय योजनाओं का लाभ उन्हें मिले और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो, इसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहें हैं। हमारे इन प्रयासों में जनता के सुझाव और सहयोग भी हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो हमें बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा की सरकार आने के बाद से पंडरिया विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों से हुए बदलाव जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। जनता की हर आकाँक्षाओं को पूरा किया जा रहा है, विकास कार्यों को गति मिली है, सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, आदिवासी व वनांचल क्षेत्रों से लेकर नगर व ग्राम पंचायत स्तर पर विकास और अधोसंरचना निर्माण के कार्य गुणवत्तायुक्त एवं पारदर्शिता के साथ हो रहें हैं, जो आम जनता तक सुविधाएँ पहुंचाने व उनके जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लेकर आया है, यही है सुशासन की सरकार जो जनता के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। पंडरिया की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए नगर को उप तहसील का बहुप्रतीक्षित सौगात दिलाया। इस ऐतिहासिक निर्णय पर नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। वही मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी ने कहा कि विधायक भावना दीदी विधानसभा चुनाव के वादों को निभाने के साथ ही क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप निरंतर विकास कार्य कर रही हैं। उनके नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, अजय गिरी गोस्वामी, सुशील गुप्ता, अखिल सोनी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## परीक्षा में नकल और बच्चों की कम उपस्थिति प्रधानपाठक को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में त्रैमासिक परीक्षाएं चल रही है इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों समन्यकों द्वारा शालाओ का गहन निरीक्षण अवलोकन किया जा रहा है इसी क्रम में कवर्धा विकासखण्ड के एबीईओ द्वारा शहर में स्थित नवीन पूर्व माध्यमिक शाला क्र 1 में निरीक्षण किया गया निरीक्षण में पाया गया कि पर्याप्त शिक्षक होने के बाद भी परीक्षा के दौरान कक्ष पर्यवेक्षक परीक्षा कक्ष में न होकर बरामदे में बैठे हुये और विद्यार्थियों द्वारा एक दूसरे से नकल करते पाए गए, शाला खुलने से लेकर आज तक बच्चों की औसत उपस्थिति कम पाया गया, शासन ने अवकाश का आवेदन ऑनलाइन ही करने के निर्देश देने के बाद भी प्रधान पाठक के ऑनलाइन अवकाश आवेदन दिए बैगर अवकाश में रहने आदि के कारण प्रधान पाठक को नोटिस जारी किया गया है जवाब के आधार पर आगे की कार्यवाही किया जावेगा, अनियमित उपस्थिति वाले बच्चों के पालकों से सम्पर्क कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कर बीईओ को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञातव्य हो कि शिक्षा मंत्री द्वारा शिक्षा गुणवत्ता विद्यार्थियों और शिक्षकों के नियमित उपस्थिति पर कोताही नही बरतने, शराबी शिक्षकों पर कारवाही करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए है इसी क्रम में शिक्षा विभाग के निरीक्षण कर्ता अमले द्वारा शालाओं की सतत व गहन निरीक्षण किया जा रहा है शिक्षको, विद्यार्थियों से चर्चा कर समस्याओं का यथासंभव निराकरण, समझाईस देकर अच्छे कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## रासेयो के स्थापना दिवस पर स्वच्छता ही सेवा अभियान आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महात्मा गांधी की 100वीं जयंती वर्षगांठ पर 24 सितंबर 1969 को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की स्थापना की गई थी, जिसका उद्देश्य युवाओं में जनसेवा की भावना जागृत करना और उन्हें समाज का जागरूक, सेवाभावी नागरिक बनाना है। इसी प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए स्वामी करपात्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कवर्धा की एनएसएस इकाई ने स्थापना दिवस के अवसर पर "स्वच्छता ही सेवा है" का संदेश देते हुए विशेष स्वच्छता अभियान एवं रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम अधिकारी वजन राम साहू के नेतृत्व तथा जिला संगठक डॉ. कामती सिंह परिहार और प्राचार्य डीएस जोशी के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने नगर में स्वच्छता रैली निकाली। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने "स्वच्छता ही सेवा है" "स्वच्छ रहेंगे स्वस्थ रहेंगे" "स्वच्छता अपनाएंगे, सब रोग भगाएंगे", "हम सबका एक ही नारा, स्वच्छ सुंदर हो शहर हमारा" जैसे प्रभावशाली नारे लगाकर नगरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने केवल जागरूकता ही नहीं फैलाई बल्कि रानी दुर्गावती चौक, विद्यालय परिसर और भोजली तालाब परिसर की साफ-सफाई कर प्लास्टिक एवं पोलीथीन कचरा भी एकत्रित किया। इस पहल ने स्थानीय नागरिकों को भी स्वच्छता में सहभागिता करने की प्रेरणा दी।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता जेके वर्मा, आर जायसवाल, बघेल, परमजीत कौर, विवेक श्रीवास्तव, बीआर लहरे सहित रासेयो दलनायक युगेश कुर्रे, सहायक सागर टंडन, विजेश भास्कर, पूर्णिमा मरकाम एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। एनएसएस की इस पहल से यह संदेश साफ झलकता है कि अगर युवा आगे आएं, तो समाज में स्वच्छता और सेवा का वातावरण और अधिक प्रभावी रूप से फैल सकता है।

## खाड़ौदा कला में 24 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड कवर्धा के समिप ग्राम खाड़ौदा कला में परमपिता भगवान श्री कृष्ण चंद्र की असीम कृपा से राधा कृष्ण दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें तथा वाचक पंडित महेश्वर प्रसाद द्विवेदी कारेसरा एवं परायण करता पवन शर्मा कोलेगांव यह कार्यक्रम 24 से 2 अक्टूबर तक आयोजन होने जा रहा है कथा का समय 2:00 बजे से हरि इच्छा तक बड़ी सुंदर स्वभाव से श्रीमद् भागवत कथा आयोजन राधा कृष्ण दुर्गा उत्सव समिति द्वारा दुर्गा पंडाल के पास श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें आप सभी आसपास के ग्रामीण जन पहुंचकर कथा सुनकर अपने मानव जीवन को किरदार करें।

## छत्तीसगढ़ की पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट टीम में शामिल, अशोका पब्लिक स्कूल के छात्र हुए कर्नाटक रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इंडियन पेंचाक सिलाट फेडरेशन एवं कर्नाटक पेंचाक सिलाट संघ के संयुक्त तत्वाधान में 13वीं राष्ट्रीय सब जूनियर और जूनियर वर्ग पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26 से 28 सितंबर को कर्नाटक राज्य के कोप्पल जिले में आयोजित हो रहा है। प्रतियोगिता में 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश के टीमें भाग ले रही है छत्तीसगढ़ टीम में 31 बालिका एवं 24 बालक खिलाड़ी और 7 टीम ऑफिशल समेत कुल 63 सदस्य दल सामिल है 24 सितंबर को प्रतियोगिता में भाग लेने कर्नाटक रवाना हुई छत्तीसगढ़ टीम में कबीरधाम जिले के 8 खिलाड़ियों और 1 राष्ट्रीय निर्णायक के रूप में शामिल किया गया है जिनके नाम इस प्रकार है। सौम्या सोनी, प्रिया निषाद, आशीष केसरवानी, आयुष तुरकर दक्ष देशलहरे, दुर्गेश खुशरे, ढाल सिंह पाली, अनस खान यह सभी खिलाड़ी शामिल है इन खिलाड़ियों को जाने से पहले अशोका पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पवन देवांगन, श्रीमति सारिका देवांगन प्राचार्य एसएल नापित एवं प्राचार्य लोकनाथ देवांगन स्कूल एडमिन सागर नामदेव, कबीरधाम जिला करते संघ के सचिव आकाश सिंह राजपूत सभी ने जीत के आने हेतू आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी छत्तीसगढ़ पेंचाक सिलाट मार्शल आर्ट संघ के अध्यक्ष मनीष बाग एवं महासचिव शेख समीर ने संयुक्त रूप से कहा की गत 3 वर्षों से छत्तीसगढ़ की टीम पेंचाक सिलाट प्रतियोगिता में भाग ले रहा है और पदक प्राप्त करने में भी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी सफल हो रहे हैं इस बार टीम से काफी उम्मीद है एक बड़ी टीम भाग लेने प्रतियोगिता में जा रहा है निश्चित हमारे प्रदेश के खिलाड़ी ज्यादा से ज्यादा पदक प्राप्त करने में सफल होंगे, पुरुष टीम कोच सूर्यकांत वर्मा, शेख अरबाज अली, महिला टीम कोच श्रीमती सबीहा शेख, कु.लिनीमा साहू, राष्ट्रीय निर्णायक सुश्री. ममता पाण्डेय, मनीष निषाद, अभिषेक देवांगन, दल प्रबंधक शेख समीर टीम का नेतृत्व करेंगे, यह जानकारी जिला पेंचाक सिलाट संघ कबीरधाम के कोच मनीष निषाद ने दी।

## विकसित भारत कार्यक्रम और एनसीसी रैंक समारोह का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** पीजी कॉलेज कवर्धा के ऑडिटोरियम में मंगलवार को विकसित भारत कार्यक्रम और एनसीसी रैंक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवई शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ऋचा मिश्रा ने की। इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन पीजी कॉलेज कवर्धा, संत कबीर कृषि महाविद्यालय, लोहारा कॉलेज, स्वामी करपात्री स्कूल और आदर्श आत्मानंद स्कूल ने मिलकर किया। मुख्य अतिथि एसपी छवई ने अपने उद्बोधन में 'विकसित भारत' की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला और एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट भानु प्रताप सिंह ने जिले में एनसीसी की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। साथ ही उन्होंने बताया कि एनसीसी युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस मौके पर एनसीसी कैडेट सत्वंतिन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने हाल ही में दिल्ली में आयोजित थल सेना कैंप आईएससी पूरा कर कॉलेज और जिले का गौरव बढ़ाया है। समारोह में जिले के विभिन्न कॉलेजों और स्कूलों के एनसीसी कैडेट्स बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इसके अलावा लेफ्टिनेंट दिनेश कुमार ठाकुर, थर्ड ऑफिसर डीएस राजपूत, थर्ड ऑफिसर झरोखा अहीवार, दीपक देवांगन, डॉ. अनिल कुमार शर्मा, मुकेश कुमार कामले तथा 38 बटालियन एनसीसी का पीआई स्टाफ भी उपस्थित थे।

### परिसर में प्रकृति और आस्था का संगम, प्रवेश करते ही झुकता है सिर

## कवर्धा की पहचान है मां राज राजेश्वरी काली मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धो

धर्म नगरी कवर्धा की शक्ति पूजा की ख्याति पूरे भारतवर्ष में फैली हुई है। नगर की पूर्व दिशा में तीन तालाबों के समीप माँ राज राजेश्वरी काली का भव्य दरबार सजा हुआ है। इतिहासकार सेवा निवृत्त शिक्षक आदित्य श्रीवास्तव बताते है कि जब भी आप काली मन्दिर दर्शन के लिए आयें तो मन्दिर की विशेषताओं को जरुर जानें। पूर्वाभिमुख मन्दिर परिसर में दो प्रवेश द्वार उत्तर और पूर्व में हैं। पूर्व प्रवेश द्वार के सामने पश्चिमाभिमुख विशालकाय महादेव की प्रतिमा स्थापित की गई है। उनके दर्शन के पश्चात जब हम मन्दिर परिसर में प्रवेश करते हैं तो देखें कि प्रवेश द्वार की निर्माण शैली ऐसी है कि प्रवेश करते समय आपका सिर स्वयमेव झुक जायेगा। परिसर में प्रवेश करते समय देववृक्ष पीपल तले कृष्ण की मोहक मूर्ति एवं शिवलिंग के दर्शन करते हुए आप दूसरी बार झुकेंगे। परिसर में प्रकृति पूजन हेतु बिल्व वृक्ष, पारिजात,अपराजिता के पौधे मिलेंगे। वही श्रीवास्तव ने बताया कि परिसर का मुख्य आकर्षण अक्षय वटवृक्ष है जिसकी शीतल छाँव तले पूर्व दिशा में उमा महेश्वर की प्राचीन प्रतिमा के दर्शन होते हैं, दक्षिण की ओर मुख किये अष्टभुजी दुर्गा के दर्शन होते हैं यहीं एक प्राचीन शिलालेख है। पश्चिम दिशा में काल भैरव, शिवलिंग और नरसिंग देव के दर्शन होते हैं, उत्तर दिशा में रिच्छिन दाई की प्रतिमा है



इसकी मान्यता है कि बच्चा ज्यादा रोता है तो इन पर मुर्रा लाई चना चढ़ाने से वह रोना बंद कर देता है। अब आपका प्रवेश मुख्य मन्दिर में होने जा रहा है, कुछ पल माता के प्रवेशद्वार की भव्यता और आकर्षण को निहारें फिर पीतल की बड़ी घंटी को बजाकर माता को सूचित करें की आप दर्शन के लिए लालायित हैं, यहाँ पर आपका सिर तीसरी बार झुकता है और सामने मोहक, ऊर्जायुक्त और आध्यात्मिकता से भरपूर दरबार सजा हुआ है। माँ काली की अपार शक्ति उत्सर्जित करती हुई काले ग्रेनाइट की प्रतिमा विराजित है जिस पर से दृष्टि का हटना असंभव है। माता चतुर्भुजी हैं और तीन स्वरूपों में महाकाली, महालक्ष्मी और महा सरस्वती का अद्भुत रूप है, दाहिने हाथ में त्रिशूल, बाएं हाथ में सहस्त्रदल कमल, नीचे हाथ में कमंडल और नीचे दाहिने हाथ में माला धारण किये हैं माँ के सीने में वृश्चिक अंकित हैं। मन्दिर में दो परिक्रमा पथ है पहला गर्भगृह के बाहर जिसमें परिक्रमा करते हुए आपको माता के नौ रूपों तथा 31वर्षों से प्रज्ज्वलित अखंड ज्योति के दर्शन होंगे। दूसरा परिक्रमा पथ गर्भगृह में जहां उतरने पर आपका सिर चौथी बार स्वयं झुक जायेगा इस तरह चार बार शीश अपने आप झुकता है। दो तलों वाले इस मंदिर का ऊपरी तल साक्षात कैलाश है जहाँ द्वादश ज्योतिर्लिंगों के साथ महाशिवलिंग एवं गणेश जी के दर्शन होंगे। परिसर के दक्षिणी भाग में दो मंजिला ज्योति कक्ष एवं पुष्प कुञ्ज बना हुआ है। विगत 46वर्षों से दीवाली की मध्य रात्रि माँ काली की भव्य महाआरती की जाती है। माता काली इतनी प्रत्यक्ष हैं की आप अपनी मनोकामना दर्शन करते समय माँ के सम्मुख व्यक्त करें माता उन्हें अवश्य पूरी करती हैं। दोनों नवरात्रि में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जाती है। कवर्धा नगर की पूर्व दिशा से आने वाली विपदाओं की रक्षक हैं।

## जोराताल में महतारी सदन का लोकार्पण, महिलाओं को नारी शक्ति उत्थान के लिए मिला नया सदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



छत्तीसगढ़ डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नेतृत्व में जिला कबीरधाम शहर एवं ग्रामीण अंचलों में लिखा जा रहा है माताएं व बहनों के लिए विकास की गाथा छत्तीसगढ़ के माता बहनों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजना महतारी सदन पूरे प्रदेश भर में 51 नवनिर्मित महतारी सदनों का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव सांय व विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री के कर कमलों से वर्चुअल (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) के माध्यम से लोकार्पण किया गया। वही महतारी सदन ग्रामीण अंचलों में कार्यरत महिला समूह व अन्य माता बहने के द्वारा संचालित किया जा रहा संस्थाओं व मितानिनों के लिए बहुत ही उपयोगी और वरदान साबित होगा। मातृ-शक्तियों के लिए अपना खुद का एक सर्व सुविधायुक्त भवन होना स्वाभाविक है उनके कार्यों को सरलीकरण मिलेगा, महिलाओं के विशेष आयोजन के लिए भी महतारी सदन बहुत ही उपयुक्त स्थान साबित होगा जनकारी के अनुसार जिला कबीरधाम के कवर्धा विधानसभा के ग्राम पंचायत जोराताल में महतारी सदन का महिलाओं द्वारा विधिवत पुजा अर्चना कर महतारी सदन में प्रवेश किए महतारी सदन का लोकार्पण होने से महिलाओं को सशक्तिकरण और नारी शक्ति उत्थान के लिए एक नया सदन मिल गया है जिसमें सदन केवल एक भवन नहीं बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सपनों तथा आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता तथा सामाजिक आर्थिक मजबूत बनाने का प्रतीक है और स्वयं सहायता समूह की बैठक कौशल विकास प्रशिक्षण सामुदायिक आयोजन सांस्कृतिक गतिविधियां खेलकूद आदि आयोजित का अवसर मिलेगी इसमें महिलाओं को विशेष लाभ मिलेगी कार्यक्रम में संतोष पटेल महामंत्री भाजपा कबीरधाम, सुषमा गनपत बघेल अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा, सुमित्रा विजय पटेल सभापति जिला पंचायत कबीरधाम, वीरसिंह पटेल मंडल अध्यक्ष कवर्धा ग्रामीण, मिनाक्षी धुर्वे जनपद सदस्य, मिथलेश बंजारे जनपद सदस्य बिरझु पटेल नेवारी सोसायटी अध्यक्ष, कवर्धा ग्रामीण मंडल के कोषाध्यक्ष आत्मा दास मानिकपुरी महामंत्री रोहित नाथ योगी जगेशर पटेल, मनराखन निषाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, महिला स्व-सहायता समूह के माताएं बहनें भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महिलाओं के उत्कृष्ट योगदान पर मिलेगा दो लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और योगदान को सम्मानित करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2025 के लिए तीन राज्य स्तरीय सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार, मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) पुरस्कार और माता बहादुर कलारिन सम्मान शामिल हैं। इन सम्मानों के तहत चयनित महिलाओं के उत्कृष्ट योगदान पर मिलेगा दो लाख रूपए व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# राज्यपाल रमेन डेका ने भोरमदेव मंदिर परिसर में लखपति दीदियों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बुधवार को अपने एक दिवसीय प्रवास पर कवर्धा पहुंचे छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने जहां भोरमदेव मंदिर में सपरिवार पूजा अर्चना की वहीं वे कई कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। दौरान वे बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत कार्यरत लखपति दीदियों से भेंटकर उनके आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने महिलाओं की सफलता की कहानियों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके नवाचारों तथा जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना की। राज्यपाल श्री डेका ने महिलाओं से बातचीत करते हुए कहा कि आत्मनिर्भरता ही सशक्तिकरण का आधार है। महिलाएं यदि आर्थिक रूप से मजबूत होंगी तो न केवल उनका परिवार, बल्कि समाज और पूरा प्रदेश सशक्त होगा। उन्होंने लखपति दीदियों को अपने व्यवसाय को और भी बड़े स्तर पर विस्तारित करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सरकार उनके हर कदम पर सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने इस दौरान अलग-अलग राज्यों में भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा किए गए नवाचार को भी साझा किया। स्व-सहायता समूह की सदस्य जानवी खुसरो ने राज्यपाल को बताया कि वह टेंट हाउस, सूकर पालन और सिलाई कार्य का व्यवसाय करती हैं। उन्होंने बताया कि लखपति दीदी योजना के तहत उन्हें लोन प्राप्त हुआ है, जिसकी मदद से उन्होंने अपने काम को बड़ा रूप दिया है। आज उनके पास 25 सूकर हैं और इनसे व अन्य कार्यों से उन्हें दो से तीन लाख रुपए तक की वार्षिक आमदनी प्राप्त हो रही है। इसी तरह लक्ष्मी सोसाइटी समूह की सदस्य राज ज्योति भैया ने राज्यपाल से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वह बसका सुख (पारंपरिक खाद्य उत्पाद) बनाने का काम करती हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 10,000 की आमदनी होती है। उन्होंने कहा कि इस काम से न केवल उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है। वहीं नट सो सहायता समूह की दुर्गा नाटक ने बताया कि वह सूकर, मछली और मुर्गी पालन का कार्य कर रही हैं। उन्होंने भी लखपति दीदी योजना के तहत लोन प्राप्त किया और समय पर लोन चुकता भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह योजना महिलाओं को आर्थिक मजबूती प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र कुमार छवई, डीएफओ निखिल अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### मेधावी बच्चों से संवाद और दिए मार्गदर्शन

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने भोरमदेव मंदिर परिसर में ही कबीरधाम जिले के प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से उनके सपनों, लक्ष्य और उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली और भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन दिया। प्रयास स्टेट टॉपर प्रियंका मेरावी, कक्षा 10वीं की टॉपर भूमिका साहू, पीवीटीजी वर्ग के टॉपर पतिराम तथा खो-खो की नेशनल खिलाड़ी अनुराधा मरकाम ने राज्यपाल के समक्ष अपने विचार एवं आकांक्षाएं साझा कीं। पीवीटीजी टॉपर पतिराम ने राज्यपाल को बताया कि वे भविष्य में शिक्षक बनना चाहते हैं। इस पर राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कौशल का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए बनाए गए विशेष प्रावधानों की जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि बच्चों की प्रगति के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

**वारदात:** सुनसान जगह पर बनाया युवती को हवस का शिकार

# कवर्धा में आदिवासी युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की खस्ताहाल और चरमराई कानून व्यवस्था के बीच उठते सवालों के बीच जिला मुख्यालय कवर्धा में एक आदिवासी युवति के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जाता है कि युवति के साथ उसके साथियों ने दुष्कर्म किया है। जिसके बाद युवति ने मामले की शिकायत कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अब पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ इस सनसनीखेज मामले के सामने आने के बाद पीड़िता के परिजनों, आदिवासी समाज तथा राजनैतिक दल सक्रिय हो गए हैं और मामले तथा जिले की कानून व्यवस्था को लेकर हंगामा तथा बयानबाजी भी शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित युवति मंगलवार की रात जिला मुख्यालय कवर्धा में ही अपने एक साथी के साथ उसके घर पर ठहरी हुई थी। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद युवती अकेली घर से बाहर निकल आई, कुछ देर बाद उसका साथी भी वहां आ गया। इसी बीच युवक के जान-पहचान के कुछ लोग वहां पहुंचे और युवती और उसके साथी को अपने साथ ले गए। पीड़िता का आरोप है कि इसी दौरान कवर्धा के आसपास उन लोगों ने मिलकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया और फिर उसे वापस बस स्टैंड के पास लाकर छोड़ दिया तथा फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने हिम्मत जुटाकर घटना की जानकारी कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता की रपट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और उनकी तलाश की जा रही है। लेकिन अभी तक तीनो में से कोई भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगा है।

### अस्पताल में हंगामा, पुलिस पर आरोप



बताया जाता है कि पुलिस जब पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराने उसे जिला अस्पताल पहुंची तो वहां पीड़िता के परिजन, पीड़िता के समाज के लोग तथा कुछ राजनैतिक दलों के नेता भी पहुंच चुके थे और उन्होने घटना को लेकर न सिर्फ जमकर हंगामा किया बल्कि पुलिस प्रशासन पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। लोगों का कहना है कि पुलिस पीड़िता से उसके परिजनो को नहीं मिलने दे रही है। जिससे पुलिस की कार्यवाही पर संदेह हो रहा है। उन्होने कहा कि घटना के करीब 24 घंटे बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। जो पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है।

### पुलिस प्रशासन ने लोगों से की अपील

वहीं जिला पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिला कबीरधाम में एक युवती के साथ घटित दुष्कर्म के प्रकरण को लेकर सोशल मीडिया में कुछ लोगों द्वारा भ्रामक और असत्य जानकारी फैलाई जा रही है। पुलिस ने कहा कि एक अन्य युवती पहचान उजागर कर उसे पीड़िता बताना पूरी तरह गलत और भ्रामक है। घटना की जांच गंभीरता से जारी है। अपराधियों की तलाश में पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है और उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस यह भी स्पष्ट किया कि दुष्कर्म अथवा किसी भी यौन अपराध की पीड़िता की पहचान उजागर करना कानून अपराध है। इसी प्रकार किसी अन्य व्यक्ति की निजी पहचान का दुरुपयोग करना भी दंडनीय कृत्य है। ऐसे कृत्यों में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की सकती है। कबीरधाम पुलिस आम जनता से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और उसे साझा न करें। संवेदनशील मामलों में समाज की जिम्मेदारी है कि पीड़िता की गोपनीयता की रक्षा करें।

**जल्द आरोपी होंगे पुलिस गिरफ्त में**

पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर घटना की जांच गंभीरता से की जा रही है। अपराधियों की तलाश में पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है और उन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**धमेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, कबीरधाम**

# राज्यपाल रमेन डेका ने भोरमदेव मंदिर में की विशेष पूजा-अर्चना



■ बाबा भोरमदेव से की प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने बुधवार को अपने परिवार के साथ कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं जनआस्था के प्रमुख केन्द्र बाबा भोरमदेव मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना की। प

राचीन स्थापत्य एवं अद्भुत कलात्मक सौंदर्य के लिए विख्यात भोरमदेव मंदिर में राज्यपाल ने रुद्राभिषेक एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोरमदेव की आराधना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि और उत्तरोत्तर प्रगति की मंगल कामना की। राज्यपाल श्री डेका ने इस अवसर पर भोरमदेव मंदिर परिसर की गरिमामयी आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि यह मंदिर न केवल जिले और प्रदेश की आस्था का केन्द्र है, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से भी इसकी विशेष पहचान है। भोरमदेव मंदिर आगमन पर राज्यपाल का आत्मीय स्वागत किया गया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंदिर परिसर में स्वयं उपस्थित रहकर राज्यपाल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र कुमार छवई, डीएफओ निखिल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भी राज्यपाल का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके आगमन को गौरवपूर्ण क्षण बताया। मंदिर परिसर में स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी राज्यपाल एवं उनके परिवार का स्वागत किया। पूजा-अर्चना के पश्चात राज्यपाल ने प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त कर सभी के मंगल की कामना की।

# केवीके कवर्धा के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पूरे देश के साथ-साथ कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), कवर्धा के परिसर में भी एक ऐतिहासिक आंदोलन की गूंज सुनाई दी। केवीके कवर्धा के राष्ट्रीय संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर, इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत इस केंद्र के समस्त कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर कलम बंद हड़ताल एवं प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आंदोलन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की भेदभावपूर्ण नीतियों के विरोध में और वन नेशन, वन केवीके, वन पॉलिसी की मांग को लेकर किया गया, जो देशभर के गैर-आईसीएआर केवीके कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग है। आंदोलन के तहत केवीके कवर्धा के कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक केंद्र पर ही एकत्रित होकर एक शांतिपूर्ण किंतु दृढ़ विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने तैयार किए गए बैनर और प्लेकार्ड्स के माध्यम से अपनी माँगों को स्पष्ट रूप से रखा। हमें चाहिए न्याय, वन नेशन-वन केवीके-वन पॉलिसी, भेदभाव बंद करो, समान कार्य के लिए समान वेतन जैसे नारों ने पूरे परिसर में गूंज पैदा कर दी। कर्मचारियों ने काले रिबन भी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। आंदोलन में वैज्ञानिक, तकनीकी स्टाफ, प्रशासनिक अधिकारी और समर्थक स्टाफ सहित केंद्र के लगभग सभी कर्मचारी शामिल हुए, जिससे उनकी एकजुटता का परिचय मिलता है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र चला रहा स्वच्छता ही सेवा जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वी जयंती को भारत सरकार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ लेकर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के रूपरेखा अनुसार जिले में संचालित स्कुल, शासकीय भवनों जैसे ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी एवं हैण्ड पम्पों के आसपास साफ-सफाई कराकर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा हैं साथ ही साथ ग्रामीणो को अस्वच्छता से होने वाली समस्या से अवगत कराया एवं अपने आस पास को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इसके साथ ही रैली के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला नेवारी, जोराताल एवं डबराभाट के विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के बीच स्वच्छता ही सेवा आधारित ड्राईंग, पेन्टिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस पखवाड़े में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने सक्रिय रूप से भाग ले रहे है तथा विभिन्न ग्रामों में जाकर स्वच्छता का संदेश दे रहे है। रासायनिक खाद का कम से कम उपयोग कर जैविक खेती करने के लिए प्रेरित किया जा रहा जिससे मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की स्वच्छता को बनाये रखा जा सके।

### उप मुख्यमंत्री ने किया राज्यपाल का आत्मीय स्वागत...



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के बाबा भोरमदेव मंदिर परिसर में आगमन पर उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र कुमार छवई, डीएफओ निखिल अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी राज्यपाल का हार्दिक स्वागत किया। छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति ने अपने पारंपरिक बैगा नृत्य के माध्यम से राज्यपाल का अभिनंदन कर स्थानीय संस्कृति की अनूठी झलक प्रस्तुत की।

वर्षों पुरानी दुर्गोत्सव समितियों ने स्थापित की प्रतिमाएं, दर्शन के लिए उमड़ रही भीड़

# धर्मनगरी में धूम धाम से मनायी जा रही नवरात्रि



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

धर्मनगरी कवर्धा को देवी दुर्गा का गढ़ कहा जाए तो गलत नहीं होगी। क्योंकि धर्म नगरी कवर्धा में मां जगतजननी के प्रायः सभी रूपों के देवी मंदिर स्थापित है। जिसमें मां विंध्यवासनी मंदिर, मां शीतला मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां काली मंदिर, मां चण्डी मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां सतबहनिया मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर सहित अन्य देवी मंदिर स्थापित है। यहीं वजह है कि कवर्धा में चैत्र व क्वांर नवरात्र की धूम रहती है। नवरात्र पक्ष में जहां इन मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है वहीं नगर की दुर्गोत्सव समितियों द्वारा भी नवरात्र पक्ष में मां दुर्गा की विभिन्न रूपों की प्रतिमाएं पूरे नौ दिनों के लिए स्थापित कर पर्व को पूरी श्रृद्धा भक्ति के साथ धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। चैत्र नवरात्र में श्रृद्धालुओं और दुर्गोत्सव समिति की शक्ति के प्रति भक्ति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नगर में कुछ समीतियां ऐसी भी है जो चैत्र नवरात्र में आज से नहीं बल्कि वर्षो से दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना करते आ रही है और आज भी इस परम्परा को पूरी श्रृद्धा व भक्ति के साथ निभा रहीं है। ऐसी ही समीतियों में कवर्धा नगर के कचहरी पारा की नवदुर्गा उत्सव समिति शामिल है जो वर्ष 1959 से प्रतिवर्ष मातारानी दुर्गा की विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाएं स्थापित करते आ रही है। बीते करीब 65 वर्षो से दुर्गा प्रतिमाओं का स्थापना करने वाली इस दुर्गोत्सव समिति के प्रारंभिक सदस्यों ने बताया कि मातारानी की स्थापना प्रारंभिक काल में मोहल्ले के युवा तथा बच्चों के सहयोग से किया जाता है और इसके लिए बकायदा चंदा एकत्र कर मूर्तिकार से प्रतिमा बनवाई जाती थी। उन्होंने बताया कि कचेहरी पारा के जिन युवाओं और बच्चों ने इस समिति का गठन कर प्रतिमा स्थापना प्रारंभ की थी वे आज बुजुर्ग हो चुके है। अब इनके संरक्षण में नई पीढ़ी समिति के दायित्वों का निर्वाहन कर रही है।

### मंदिरों व नगर व क्षेत्र के दुर्गा पण्डालों में जुट रही श्रृद्धालुओं की भीड़

नवरात्र पक्ष प्रारंभ होने के साथ ही समूचे नगर मां जगत जननी की श्रृद्धा, भक्ति और पूजा अर्चना में डूब गया। स्थानीय देवी मंदिरों और दुर्गा पण्डालों में प्रतिदिन सुबह-शाम मां की विधि विधान से पूजा अर्चना तथा आरती की जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जा रही है। वहीं मौसम साफ होने के बाद मंदिरों व दुर्गा पण्डालों में मां दुर्गा के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या में लगातार बढ़ते जा रही है। हालांकि अभी ग्रामीण अंचलों की भीड़ नहीं पहुंच रही है।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल कबीरधाम का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने आज जिला जेल कबीरधाम का औचक निरीक्षण किया। माननीय कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की वांछानुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के पत्र निर्देश पर जेल के बैरकों, स्नानागार, जेल परिसर में स्वच्छता एवं बंदियों के भोजन एवं स्वास्थ्य सुरक्षा पर अवलोकन के लिए औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने जेल परिसर का निरीक्षण करते हुए बैरकों की क्षमता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं बैरकों में रखे जाने वाले बंदियों की संख्या, रसोई कक्ष की स्वच्छता, पीने के पानी तथा भोजन की गुणवत्ता, बंदियों के लिए खेल एवं व्यायाम के साधन व प्रशिक्षण की जानकारी, जेल परिसर के बागवानी की स्वच्छता के संबंध में भ्रमण कर जानकारी ली गई। तत्संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सहायक जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमन तिग्गा तथा जेल अधीक्षक राजेन्द्र बंजारे सह जेल प्रहरी भी अवलोकन के दौरान उपस्थित थे।